ढली, मशोबरा के भवन मालिकों को जल्द मिलेंगे सीवरेज कनेक्शन

22 करोड़ से क्षेत्र में बिछेगा सीवरेज नेटवर्क, मंत्री भारद्वाज ने किया शिलान्यास

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। शहर के ढली और मशोबरा क्षेत्र के डेढ़ हजार से अधिक भवन मालिक अब जल्द ही सीवरेज कनेक्शन ले सकेंगे। इसके लिए पेयजल कंपनी इस एरिया में सीवरेज नेटवर्क बिछाने जा रही है। प्रोजेक्ट पर 22 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सीवरेज लाइन बिछने से 4700 से अधिक आबादी वाले इस क्षेत्र को फायदा होगा।

पूरी हुई टेंडर प्रक्रिया, डेढ़ साल में पूरा होगा प्रोजेक्ट

यह प्रोजेक्ट कई साल पहले बन चुका था, लेकिन काम अब शुरू हो रहा है। इस इलाके में अब कई बड़े होटल भी खुल चुके हैं। सैकड़ों बहुमंजिला भवन बन चुके हैं। सीवरेज लाइन न होने से इन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस प्रोजेक्ट के तहत इंद्रनगर, लंबीधार, मशोबरा बाजार समेत साथ लगते इलाकों के भवन सीवरेज लाइन से जोड़े जाएंगे। साथ ही दो आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाए जाएंगे। रविवार को शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने मशोबरा में इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जल्द इसका काम शुरू किया जाए।

कंपनी के एजीएम गोपाल कृष्ण ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अगले डेढ़ साल के भीतर इसका काम पूरा कर लिया जाएगा। नगर निगम में यह क्षेत्र साल 2000 के बाद मर्ज किए गए हैं। कोर एरिया की तरह यहां अभी तक सीवरेज लाइन नहीं बिछी थी। लेकिन अब इस प्रोजेक्ट से हजारों भवनमालिकों को फायदा होगा। सीवरेज लाइन बिछाने के बाद लोगों को इसके कनेक्शन मिलेंगे।

बैनमोर, मशोबरा को मिली वार्ड दफ्तर की सुविधा

शिमला। शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने रविवार को बैनमोर वार्ड के रामचंद्र चौक एरिया में बने नगर निगम के पार्क का उद्घाटन किया। स्थानीय पार्षद किमी सूद ने बताया कि करीब 17 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गए इस पार्क में ओपन जिम की भी सुविधा मिलेगी। इसके बाद मंत्री ने संजौली की तांत्या पार्किंग में बने वार्ड कार्यालय का भी उद्घाटन किया। बैनमोर के लोग अब इसी दफ्तर से जरूरी प्रमाण पत्र ले सकेंगे।

इसके बाद शहरी विकास मंत्री ने डिप्टी मेयर शैलेंद्र चौहान के मशोबरा वार्ड में जाकर वार्ड दफ्तर का उद्घाटन किया। सात लाख रुपये की लागत से यह दफ्तर तैयार किया गया है। इस मौके पर मंत्री ने दोनों वार्डों के पार्षदों को बधाई दी। साथ ही लोगों की समस्याएं भी सुनीं। मंत्री ने सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। लोगों ने मशोबरा वार्ड को ढली से अलग वार्ड बनाने, पुलिस चौकी, आईटीआई, ओपन जिम, पार्क बनाने के लिए जमीन देने का मामला भी उठाया। इस मौके पर मेयर सत्या कौंडल, उप महापौर शैलेंद्र चौहान, नगर निगम आयुक्त आशीष कोहली, पार्षद किरण बावा, आशा शर्मा, शैली शर्मा, रचना भारद्वाज, किमी सूद, अर्चना धवन, जगजीत बग्गा, जसविंद्र सिंह, राजेंद्र चौहान, दीपक शर्मा मौजूद रहे। ब्यूरो

दैनिक भास्कर
हिमाचल 02-08-2021

मशोबरा में 22 करोड़ रुपए से बनेगी नई सीवरेज योजना, मंत्री सुरेश भारद्वाज ने रखी आधारशिला

सिटी रिपोर्टर | शिमला.

मशोबरा में 22 करोड़ रुपए से बनने वाली योजना का शिलान्यास करते मंत्री भारद्वाज।

शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज ने रविवार को ढली नगर निगम वार्ड के मशोबरा क्षेत्र में 22 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की नई मल निकासी (सीवरेज) योजना की आधारशिला रखी। उन्होंने बताया कि इस नई मल निकास योजना से 4 हजार 780 आबादी के लोग लाभांवित होंगे और इस योजना से मशोबरा-1 व मशोबरा-2, ढली व इंद्रनगर के क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सामुदायिक भवन मशोबरा के लिए 5 लाख रुपए की धनराशि प्रदान की और मशोबरा क्षेत्र में आईटीआई भवन एवं पुलिस चौकी का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद एवं उप-महापौर नगर निगम शिमला शैलेंद्र चौहान ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और क्षेत्र की जन समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। इससे पूर्व शहरी विकास मंत्री ने वार्ड नंबर-17 बैनमोर क्षेत्र में ओपन एयर जिम एवं पार्क का उद्घाटन किया और लोगों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति सचेत किया और वार्ड नंबर 17 के लोगों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर स्थानीय पार्षद डॉ. किमी सूद ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्ड में किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों के बारे में उन्हें जानकारी प्रदान की। इससे पूर्व सुरेश भारद्वाज ने संकटमोचन मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शिरकत की और बान का पौधा रोपित किए। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संतुलन एवं ग्लोबल वार्मिंग पर संदेश दिया और युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति सचेत एवं सकारात्मक कार्य करने के प्रति प्रेरित किया